A | **709**

समग्र शिक्षा केरल

SECOND TERMINAL EVALUATION 2024-25

दूसरा कार्यकालांत मूल्यांकन

हिंदी

कक्षा 7 | समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देश:

- ✳ **पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।**
- ✳ **गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।**
- ✳ **2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।**

गतिविधि 1

सूचना : खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

हमारे आँगन में खूब बड़े पेड़ हैं। वहाँ एक कुआँ भी है। मैंने एक बिल्ली को तितली के साथ खेलते देखा। अचानक उसने तितली की ओर छलाँग लगाई और कुएँ में गिर गई।

क) आँगन में किस तरह के पेड़ हैं?

अ) छोटे पेड़   आ) बड़े पेड़

इ) सूखे पेड़   ई) लंबे पेड़

ख) कुआँ कहाँ है?

अ) बगीचे में   आ) आँगन में

इ) पहाड़ में   ई) जंगल में

ग) कौन-कौन खेल रहे थे?

अ) बिल्ली और कुत्ता   आ) बिल्ली और तितली

इ) तितली और पिल्ला   ई) तितली और नन्ही बिल्ली

घ) बिल्ली ने अचानक क्या किया?

अ) तितली से दूर भागा।   आ) तितली को भगाया।

इ) तितली की ओर छलाँग लगाई।   ई) तितली की ओर दौड़ गई।

ङ) खंड के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

अ) बिल्ली कुएँ में गिर गई।

आ) तितली कुएँ में गिर गई।

इ) बिल्ली और तितली दोनों कुएँ में गिर गईं।

ई) बिल्ली और तितली दोनों कुएँ में गिरने से बच गईं।

गतिविधि 2

सूचना : 'बया हमारी चिड़िया रानी' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

बया हमारी चिड़िया रानी!
तिनके लाकर महल बनाती,
ऊँची डालों पर लटकाती,
खेतों से फिर दाना लाती
नदियों से भर लाती पानी।

क) बया घोंसला बनाकर कहाँ लटकाती है?

ख) पंक्तियों के आधार पर शब्दों का संबंध पहचानें और **सही मिलान** करें।

चिड़िया रानी	पानी
तिनका	दाना
खेत	बया
नदी	महल

गतिविधि 3

सूचना : 'बारिश के बाद' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

इसी भागदौड़ में गुड्डू फिसला और जाकर कीचड़ में धम्म-से गिर गया। अब कीचड़ में सराबोर गुड्डू भी हँस रहा था और गुठली भी।

क) कीचड़ में सराबोर गुड्डू ने क्या किया?

अ) रोया आ) हँसा

इ) चिल्लाया ई) शरमाया

ख) गुड्डू फिसलकर कीचड़ में गिर गया। उस घटना पर गुठली ने डायरी लिखी। गुठली की वह **डायरी** लिखें।

सहायक बिंदु :

- गोकुल गैया को देखना।
- चाँदनी के तले गोकुल गैया को ढूँढना।
- गुड्डू पेड़ को ज़ोर से हिलाना।
- पेड़ पर ठहरा हुआ पानी गुठली के ऊपर गिरना।

गतिविधि 4

सूचना : 'तुम जियो हज़ारों साल, साल के दिन हों पचास हज़ार' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> निम्मी का कल बर्थडे था। आज सुबह से वो तोहफ़ों को खोल-खोलकर देखने में लगी है। विनोद अंकल का दिया बर्थडे कार्ड बहुत सुंदर था। उसपर एक कार्टून बना था और लिखा था-
>
> तुम जियो हज़ारों साल,
> साल के दिन हों पचास हज़ार...

क) गद्यांश के अनुसार सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

अ) बर्थडे कार्ड में चित्र बना था। आ) बर्थडे कार्ड में कार्टून बना था।

इ) बर्थडे कार्ड में फोटो चिपका था। ई) बर्थडे कार्ड में फूल चिपका था।

ख) निम्मी को विनोद अंकल ने बर्थडे कार्ड दिया था। आप भी निम्मी के लिए एक **बर्थडे कार्ड** तैयार करें।

गतिविधि 5

सूचना : 'जन्नत के बच्चे' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> फ़िल्म की कहानी सुनने में तो बड़ी साधारण लगती है, पर जिस असाधारण तरीके से इस कहानी को निर्देशक माजिद मजीदी ने परदे पर उतारा है, वो काबिले तारीफ़ है।

क) 'कथा' का समान अर्थवाला शब्द गद्यांश से चुन कर लिखें।

ख) आपके स्कूल में फ़िल्मोत्सव होनेवाला है। इसमें ईरानी फ़िल्म 'चिल्ड्रन ऑफ़ हेवन' का प्रदर्शन भी है। फ़िल्मोत्सव का **पोस्टर** तैयार करें।

सूचना : चित्र देखें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।



क) चित्र के अनुसार वाक्यों को क्रम से लिखें।

- बच्चे बूढ़े आदमी की सहायता करते हैं।
- बूढ़ा आदमी सड़क के पास खड़ा है।
- बूढ़ा आदमी सड़क पार करने की कोशिश करता है।
- बूढ़ा आदमी गिरने लगता है।

ख) चित्र देखें और वाक्य लिखें।

....